न्यायालय उपखण्ड अधिकारी गंगापुर जिला–भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी :– विकास पंचोली, आर.ए.एस.

पत्र संख्या : 133/2020 दिनांक :– 26.10.2020

अनुवानी

राजस्थान सरकार बनाम ग्राम पंचायत कांगणी जरिये सरपंच कांगणी

प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 131, 132 एलआरए व नियम 58,59,60,66,86 एल.आर.एक्ट

–:: आदेश ::–

श्रीमान संभागीय आयुक्त महोदय राजस्थान अजमेर के पत्र दिनांक 22.07.2020 द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार आयोजित रास्ता खोलो अभियान – 2020 के तहत तहसीलदार सहाड़ा द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि **ग्राम गाडरी खेड़ा प0ह0 कांगणी** चारागाह भूमि में सार्वजनिक रास्ता स्थित है, किन्तु राजस्व रेकार्ड में उक्त रास्ते कि किस्म बीड़ दर्ज है जिसे गेमु0 रास्ता दर्ज किये जाने का आदेश फरमावें।

इस सम्बन्ध में तहसीलदार सहाड़ा मु0 गंगापुर द्वारा प्रस्ताव तैयार कर अपने पत्रांक राजस्व/20/745 दिनांक 16.10.2020 से रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसमें अंकन किया कि **ग्राम गाडरी खेड़ा, प0ह0 कांगणी** तहसील सहाड़ा के खसरा नम्बर 1006 रकबा 7.15 हे0 तथा आराजी नं0 1185 रकबा 5.31 हे0 **किस्म बीड़ भूमि राजस्व रेकार्ड में चारागाह या अन्य सामान्य काम हेतु दर्ज है।** उक्त आराजियात में मौके पर सार्वजनिक रास्ता बना हुआ होकर मौके पर सार्वजनिक उपयोग में लिया जा रहा है। किन्तु राजस्व रेकार्ड में उक्त भूमि कि किस्म गेमु0 रास्ता दर्ज नही होकर किस्म बीड़ दर्ज है। उक्तानुसार ग्राम **गाडरी खेडा, प0ह0 कांगणी** तहसील सहाड़ा के चारागाह खसरा नम्बर 1006 रकबा 7.15 हे0 किस्म बीड़ भूमि में से 0.11 हे0 तथा आराजी नं0 1185 रकबा 5.31 हे0 में से 0.09 हे0 कुल 0.20 हे0 भूमि किस्म बीड़ के बजाए गे0मु0 रास्ता दर्ज करने बाबत प्रस्ताव तैयार किया गया।

उक्त प्रस्तावित बिलानाम भूमि की किस्म बीड के बजाय गे0मु0 रास्ता किये जाने बाबत कोई सार्वजनिक आपत्ति जाहिर नही है, तथा ग्राम पंचायत **कांगणी** को भी कोई आपत्ति नही है इस सम्बन्ध में मौका पर्चा, ग्राम पंचायत **कांगणी** का प्रस्ताव एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न है।

अतः जनहित को दृष्टिगत रखते हुये एवं तहसीलदार सहाड़ा मु0 गंगापुर के पत्रांक राजस्व/20/745 दिनांक 16.10.2020 से की गई अनुशंषा के आधार पर **ग्राम गाडरी खेडा, प0ह0 कांगणी** तहसील सहाड़ा के चारागाह खसरा नम्बर 1006 रकबा 7.15 हे0 किस्म बीड़ भूमि में से 0.11 हे0 तथा आराजी नं0 1185 रकबा 5.31 हे0 में से 0.09 हे0 कुल 0.20 हे0 भूमि किस्म बीड़ के बजाए गे0मु0 रास्ता दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है।

तहसीलदार सहाड़ा उक्तानुसार राजस्व रेकार्ड में अंकन किया जाना सुनिश्चित करें एवं पालना रिपोर्ट इस न्यायालय में पेश करें।

यह आदेश आज दिनांक 26.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2021.01.13 12:21:44 IST
Reason: SelfAttested

उप खण्ड अधिकारी
(विकास पचोली)
उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर, भीलवाड़ा

Scanned with CamScanner